दिनांक : 16.01.2026 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज स्टार्टअप इंडिया की 10वीं वर्षगांठ कार्यक्रम में लेंगे हिस्सा।
- प्रधानमंत्री कल देश की पहली स्लीपर वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाएंगे।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आज माखन नगर दौरा, लाड़ली बहना योजना के तहत लाभार्थी महिलाओं के बैंक खातों में राशि ट्रांसफर करेंगे।
- भोपाल में आज से शुरू होगा देश का सबसे बड़ा महाभारत आधारित सांस्कृतिक महोत्सव।

स्टार्टअप इंडिया पहल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्टार्टअप इंडिया पहल के एक दशक पूरा होने के उपलक्ष्य में आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री देश के स्टार्टअप जगत से जुड़े लोगों से बातचीत करेंगे। साथ ही, कुछ स्टार्टअप प्रतिनिधि अपनी उद्यमशीलता की यात्रा और अनुभव भी साझा करेंगे। प्रधानमंत्री ने आज के ही दिन साल 2016 को स्टार्टअप इंडिया की शुरुआत की थी। इसका उद्देश्य नवाचार को बढ़ावा देना, युवाओं को बिजनेस शुरू करने के लिए प्रोत्साहित करना और निवेश आधारित विकास को आगे बढ़ाना है।

नई रेलगाड़ियां-प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल पश्चिम बंगाल के हावड़ा और असम के कामाख्या को जोड़ने वाली देश की पहली स्लीपर वंदे भारत एक्सप्रेस सहित कई नई रेलगाड़ियों को झंडी दिखा कर रवाना करेंगे। अन्य रेलगाड़ियों में न्यू जलपाईगुड़ी-नागरकोइल अमृत भारत एक्सप्रेस, न्यू जलपाईगुड़ी-तिरुचिरापल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस जैसी ट्रेनें शामिल हैं. इससे पश्चिम बंगाल, असम, बिहार, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के बीच यात्रियों का आवागमन संपर्क बेहतर होगा।

पीएम-मुख्यमंत्री मुलाकात

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल शाम दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस मौके पर उन्होंने नक्सलमुक्त मध्य प्रदेश को समय से पहले पूरा करने की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से मुलाकात कर उन्हें गाडरवारा स्थित छज्च्ब् सुपर थर्मल पॉवर स्टेशन के विस्तार की परियोजना के भूमिपूजन के लिए आमंत्रित किया।

मुख्यमंत्री ने देर शाम नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा से भी मुलाकात की। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को मध्य प्रदेश आने का आमंत्रण भी दिया। मुख्यमंत्री ने बताया कि

जे.पी. नड्डा 23 जनवरी को प्रदेश आएंगे और 24 जनवरी को कटनी में मेडिकल कॉलेज का भूमि पूजन करेंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य में तेजी से नए मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं।

लाड़ली बहना योजना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज नर्मदापुरम जिले के माखन नगर के दौरे पर रहेंगे। यहां मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत लाभार्थी महिलाओं के बैंक खातों में राशि सीधे ट्रांसफर करेंगे। योजना के तहत हर पात्र बहन के खाते में 1500 रुपये की राशि भेजी जाएगी। मुख्य कार्यक्रम माखन नगर के सांदीपनि विद्यालय के पास स्थित खेल मैदान में आयोजित होगा। कार्यक्रम से पहले मुख्यमंत्री का रोड शो भी निकाला जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस का लोकार्पण, माखनलाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण और 101 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज का अनावरण भी करेंगे। मुख्यमंत्री इस दौरे में विकासखंड क्षेत्र में करीब 100 करोड़ रुपये के अन्य विकास कार्यों का भी उद्घाटन करेंगे।

विधानसभा बजट सत्र

मध्य प्रदेश की सोलहवीं विधानसभा का बजट सत्र 16 फरवरी से शुरू होकर 6 मार्च 2026 तक चलेगा। यह 19 दिन का सत्र होगा, जिसमें सदन की 12 बैठकें होंगी और कई महत्वपूर्ण शासकीय काम किए जाएंगे। राज्यपाल मंगुभाई पटेल द्वारा अनुमोदित अधिसूचना विधानसभा सचिवालय ने जारी कर दी है। इसके अनुसार, अशासकीय विधेयकों की सूचनाएं 4 फरवरी तक और अशासकीय संकल्पों की सूचनाएं 5 फरवरी तक जमा की जा सकती हैं।

महाभारत समागम

भोपाल के भारत भवन में आज से 24 जनवरी तक महाभारत पर आधारित देश का पहला और सबसे बड़ा सांस्कृतिक आयोजन किया जाएगा। इस नौ दिवसीय समागम का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। इसे मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग और वीर भारत न्यास द्वारा आयोजित किया जा रहा है। आयोजन में नाटक, नृत्य-नाट्य, कठपुतली कार्यशाला, लोक और शास्त्रीय प्रस्तुतियाँ, अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल और इमर्सिव डोम थिएटर के माध्यम से युद्ध के खिलाफ शांति का संदेश दिया जाएगा। वीर भारत न्यास के सचिव श्रीराम तिवारी ने बताया ...

शैक्षिक ओलम्पियाड

प्रदेश के सभी सरकारी प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में पढ़ने वाले कक्षा 2 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए आज और कल, जिला स्तरीय शैक्षिक ओलम्पियाड आयोजित किया जा रहा है। यह परीक्षा प्रदेश के सभी विकासखंड मुख्यालयों पर आयोजित होगी। ओलम्पियाड में जनशिक्षा केंद्र स्तर से चयनित करीब 2 लाख विद्यार्थी हिस्सा लेंगे। कक्षा 2 और 3 की परीक्षा आज आयोजित की जाएगी, जबकि कक्षा 4 और 5 की परीक्षा कल होगी। कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों की परीक्षा दोनों दिन चलेगी। छात्रों के लिए परिवहन, भोजन और अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाएं भी की गई हैं।

छात्रावास-मंत्री विजय शाह

जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह का कहना है कि जबलपुर में यूपीएससी और एमपी पीएससी की तैयारी कर रहे आदिवासी छात्र-छात्राओं के लिए नया अत्याधुनिक छात्रावास बनाया जाएगा। इस पर सरकार 18 से 20 करोड़ रुपए खर्च करेगी। उन्होंने बताया कि छात्रावास के लिए भूमि चयन की प्रक्रिया जल्द पूरी कर ली जाएगी। मंत्री ने यह भी कहा कि छात्रावास में रहने, पढ़ाई और अन्य सभी सुविधाओं का खर्च पूरी तरह सरकार उठाएगी।

कृषि में सस्टेनेबल विकास और पर्यावरण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कृषि में सस्टेनेबल विकास और पर्यावरण संरक्षण पर अपनी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई है। प्रधानमंत्री का कहना है कि रासायनिक खाद पर निर्भरता कम करना और मिट्टी की उर्वरता बनाए रखना सरकार की प्राथमिकता है। रायसेन जिले के परवारिया गांव के युवा किसान सुनील राठौर अब इन प्रयासों से ज्यादा कमाई कर पा रहे हैं।

श्री महाकाल महोत्सव

उज्जैन में श्री महाकाल महोत्सव का आज तीसरा दिन है। यह पांच दिवसीय महोत्सव 18 जनवरी तक चलेगा। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु और कला प्रेमी शामिल हो रहे हैं। महोत्सव के पहले दिन धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ शुभारंभ हुआ। प्रसिद्ध गायक शंकर महादेवन ने 'शिवोऽहम्' की शानदार प्रस्तुति दी। दूसरे दिन जनजातीय लोककलाओं की झलक देखने को मिली। डिंडोरी के गायक अशोक कुमार मार्को और उनके साथियों ने गोंड जनजाति का गुदुमबाजा प्रस्तुत किया।

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय-हज यात्री

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने हज यात्रियों और अन्य संबंधित लोगों को जरूरी औपचारिकताएं पूरी करने के लिए इस महीने की 25 तारीख तक का अंतिम समय विस्तार दिया है। यह फैसला यात्रियों की ओर से अतिरिक्त समय की मांग को देखते हुए लिया गया है।

क्रिकेट

महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट में नवी मुंबई में यूपी वॉरियर्स ने मुंबई इंडियंस को 7 विकेट से हरा दिया। मुंबई इंडियंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 161 रन बनाए। जवाब में यूपी वॉरियर्स ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 18 ओवर और एक गेंद में 3 विकेट पर 162 रन बनाकर मैच जीत लिया।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- आगरमालवा में कल नगरपालिका परिसर में आनंद उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें में पांरपारिक खेलों में कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों ने भागीदारी की।
- खंडवा जिले में कक्षा 2 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए जिला स्तरीय शैक्षिक ओलम्पियाड का आयोजन 16 एवं 17 जनवरी 2026 को किया जाएगा।
- पन्ना टाइगर रिजर्व के मड़ला गेट पर आयोजित सात दिवसीय मिलेट फूड फेस्टिवल कल संपन्न हुआ जिसमें महिलाओं द्वारा स्थानीय हस्तनिर्मित उत्पादों का स्टॉल लगाया गया।

- 4जी एमपी एनसीसी बटालियन कटनी के दो कैडिट का चयन गणतंत्र दिवस समारोह में सांस्कृतिक विंग में हुआ है।
- नई चेतना जेंडर अभियान 4.0 के अंतर्गत “हौसलों की उड़ान” कार्यक्रम के तहत  इंदौर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के स्व सहायता समूह की 600 से अधिक महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।
- मकर संक्रांति पर्व पर मंडला जिले में नर्मदा संगम में हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री सम्पतिया उइके ने भी मां नर्मदा का पूजन किया।

-------